an>

Title: Need to construct embankment on river Ganga in Amroha parliamentary constituency, Uttar Pradesh to prevent looming threat of flood in the region.

**श्री कंवर सिंह तंवर (अमरोहा)** ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा के गंगा किनारे बसे ग्रामवासियों की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा के तहसील धनौरा के तकरीबन 13 गांव यथा बसी ऐतमाली, बिसावली, देवीवाली, रामपुर खादर, बिसावली, मीरापुर, रम्पुरा खादर, वाजिदपुर, सुल्तानपुर, ढाकोवाली, जाटोवाली, शीशोवाली, चकनवाला, दारानगर गंगा नदी में आने वाली बाढ़ से डूब जाते हैं जिससे इस क्षेत्र के किसानों की सारी फसल बर्बाद हो जाती है तथा बाढ़ में पशु आदि भी बह जाते हैं, जिसकी वजह से इन ग्रामवासियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस बाढ़ के कारण आने-जाने के सभी रास्तों में बाढ़ का पानी भर जाने की वजह से इन ग्रामों का संपर्क अन्य स्थानों से कट जाता है।

बिजनौर जिले के गांव दरबड़ से लेकर अमरोहा जिले के गांव चकनवाला तक का सारा इलाका बाढ़ से हर साल प्रभावित होता है, जिसकी लंबाई लगभग 25 किलोमीटर है। वर्तमान में दरबड़ से लेकर अमरोहा के शेरपुर तक तटबंध निर्माण का कार्य चल रहा है जो कि लगभग 15 किलोमीटर है। 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले इन 13 गांवों को इसमे शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण इस तटबंध के बन जाने के बाद ये गांव बाढ़ से तबाह हो जाएंगे।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि बाकी बचे 10 किलोमीटर तटबंध का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाने की कृपा करें, जिससे इस क्षेत्र के ग्रामवासी इस आपदा से निजात पा सकें। मैं इस बारे में माननीया मंत्री जी को पत्र द्वारा दिनांक 4 मार्च, 2016 को अनुरोध कर चुका हूं।